सार-समाचार

विधिक जागरूकता गतिविधियां हुई

जालोर। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जालोर के अध्यक्ष एवं जिला न्यायाधीश कमल छंगाणी के निर्देशन में सोमवार को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से विभिन्न जागरूकता गतिविधियों का आयोजन किया गया। पीएमश्री राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय आहोर रोड में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश अहसान अहमद ने कहा कि युवाओ को सकारात्मक सोच के साथ तब तक लगातार प्रयास करने चाहिए जब तक लक्ष्य की प्राप्ति न हो। उन्होंने विवेकानंद के आदर्शों को अपने जीवन में उतारकर आगे बढने की बात कही। उन्होंने युवा दिवस के बारे में भी विस्तार से जानकारी दी। इस मौके पर उन्होंने जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से चलाए जा रहे विभिन्न कार्यक्रमों एवं योजनाओं की विस्तार से जानकारी दी। सचिव ने डॉन योजना, जागृति योजना, संवाद, आशा योजना, हेल्प लाइन नंबर, पीएलवी की भूमिका एवं कार्यों के बारे में विस्तार से बताया। इस अवसर पर जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। रैली को सचिव अहसान अहमद ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह रैली विद्यालय परिसर से रवाना होकर आहोर चौराहा, कलेक्ट्रेट होते हुए वापस स्कूल में आकर विसर्जित की गई। इस दौरान प्रधानाचार्य भंवर मकवाना, शिवदत्त आर्य, प्रियंका शर्मा, हिदायतखा, पूर्णसिंह, कांतिलाल पुरोहित, नथाराम भाटी सहायक प्रशासनिक अधिकारी दिनेश कुमार भट्ट सहित विद्यालय स्टाफ व विद्यार्थी मौजूद रहे। इसी प्रकार राजकीय वीर विरमदेव पीजी कॉलेज जालोर में युवा दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव अहसान अहमद ने युवाओं को नशे से दूर रहने की अपील करते हुए नशे के दुष्प्रभावों के बारे में जानकारी दी। उन्होंने युवा दिवस के महत्व एवं युवा दिवस मनाए जाने के उद्देश्यों के बारे में विस्तार से बताया। इस दौरान सचिव ने पीडित प्रतिकर योजना, जन उपयोगी सेवाओं से संबंधित त्वरित समाधान समाधान के लिए चलाए जा रहे अभियान के बारे में भी विस्तार से बताया।

भा.वि.प. ने मरीजों को फल बांटें

जालोर। भारत विकास परिषद् ,जालोर की ओर से परिषद् के आदर्श व आराध्य व्यक्तित्वञ्र स्वामी विवेकानंद जी की जयंती एवं राष्ट्रीय युवा दिवस पर सोमवार को शहर के जिला अस्पताल के पास स्थित विवेकानंद सर्किल पर विवेकानंद की प्रतिमा पर सोमवार प्रातः परिषद् सदस्यों ने माल्यार्पण किया गया एवं प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर पुष्पांजलि के साथ स्वामी जी के आदर्शों पर चलने का सभी ने संकल्प लिया। शाखा अध्यक्ष राजेन्द्र भूतड़ा ने बताया कि इस अवसर पर परिषद् के सेवा प्रकल्प के तहत जिला मुख्यालय स्थित राजकीय जिला सामान्य चिकित्सालय के सभी वार्डों में भर्ती मरीजों को परिषद् की ओर से फल वितरण किया गया एवं मरीजों की कुशलक्षेम पूछ कर उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की गई। इस दरम्यान चिकित्सालय के वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर रमेश कुमार चौधरी ,सीनियर नर्सिंग ऑफिसर शहजाद खान एवं शाखा के सचिव शांतिलाल सोनी, कोषाध्यक्ष शंकर लाल सोलंकी, महेंद्र आनंद वैष्णव, कमल किशोर भूतड़ा ,पंडित पवन कुमार दाधीच, भेरूलाल सोनी ,भूपेंद्र सोनी, जगदीश अठावाल व मिश्रीमल गर्ग सहित चिकित्सालय स्टाफ उपस्थित थे। विद्यालय में चित्रकला व भाषण प्रतियोगिता हुई आयोजित – सचिव शांतिलाल सोनी ने बताया कि इसके साथ ही परिषद् की ओर से महात्मा गांधी राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय,(अंठोजी माध्यम) शिवाजी नगर ,जालोर में स्वामी विवेकानंद की जीवनी पर आधारित कक्षा 6 से 12वीं तक के विद्यार्थियों के बीच चित्रकला व भाषण प्रतियोगिता का आयोजन करवाया गया। प्रतियोगिता में विजयी प्रतिभागियों को परिषद् की ओर से सम्मानित कर पारितोषिक प्रदान किया गया ।प्रधानाचार्य मनीष ठाकुर ने सभी का आभार व्यक्त किया।

धूप खिलने पर सर्दी से मिली कुछ राहत

जोधपुर, (कासं)। शहर में पिछले कुछ दिनों से तेज सर्दी और बर्फीली हवाओं से आम जनजीवन प्रभावित है। हालांकि सोमवार को धूप खिलकर निकली जिससे सर्दी से मामूली राहत मिली। इसके बावजूद ठंडी हवाओं से कंपकपी छूटती रही। शहर में आज सुबह के समय अधिकतम तापमान 23 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। वहीं न्यूनतम तापमान 8 डिग्री दर्ज किया गया। हालांकि एक दिन पहले की बात की जाए तो पारा 2 डिग्री लुढक़कर 22.8 डिग्री सेल्सियस पहुंच गया। न्यूनतम तापमान भी 7.5 डिग्री सेल्सियस पहुंच गया था। इसकी वजह से ठंड बढ़ गई। हालांकि आज सुबह से ही धूप छाई रहने की वजह से तापमान में हल्की बढ़ोतरी देखी गई। न्यूनतम तापमान भी 7.5 डिठ्ठी से 8 डिग्री दर्ज किया गया। हालांकि हवाओं में ठंडक की वजह से इसका असर भी देखने को मिल रहा है। लोग सर्दी से बचने को तरह तरह के जतन भी करते हुए नजर आ रहे हैं। मौसम विभाग के मुताबिक अगले कुछ दिनों में आठ किमी प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चलने का अनुमान है। हालांकि अगले तीन चार दिनों तक मौसम साफ रहने का अनुमान जताया गया है। वहीं इस दौरान तापमान में मामूली परिवर्तन देखने को मिल सकता है।

विद्यार्थियों ने सीखे यातायात नियम

सायला, (नि.सं.)। स्थानीय पुलिस थाना परिसर में सोमवार को टैगोर पब्लिक माध्यमिक विद्यालय के विद्यार्थियों को यातायात नियमों एवं पुलिस कार्यप्रणाली की जानकारी दी गई। कार्यक्रम थानाप्रभारी सुरेंद्रसिंह के निर्देशन में आयोजित हुआ। विद्यालय संस्था प्रधान वीरेंद्रसिंह दहिया के नेतृत्व में पहुंचे विद्यार्थियों को एएसआई लादूराम ने नाबालिगों द्वारा वाहन संचालन के दुष्परिणाम, वाहन चलाते समय अभिभावकों द्वारा सीट बेल्ट एवं हेलमेट उपयोग, मोबाइल पर बातचीत से होने वाले खतरे सहित विभिन्न यातायात नियमों की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने विद्यार्थियों से यातायात नियमों की पालना कर स्वयं का व अन्य का जीवन सुरक्षित रखने की अपील की। इसी दौरान विद्यार्थियों को पुलिस थाने की कार्यप्रणाली, अपराध नियंत्रण प्रक्रिया एवं शिकायत निस्तारण प्रणाली से भी अवगत कराया गया। बालिकाओं को महिला हिंसा रोकथाम तथा संबंधित कानूनी प्रावधानों की जानकारी दी गई। बीट अधिकारी अर्जुन कुमार ने विद्यार्थियों से अपने आसपास के क्षेत्रों में जागरूकता फैलाने एवं सतर्क रहने की बात कही।

मकर संक्रांति के लिए बन रहे तिल के लड्डू

पाली। मकर संक्रांति पर तिल के बने व्यंजन दान करने का एक महत्व है, इस दिन तिल के लड्डू गजक रेवड़ी दान किया जाता है। पाली के भेरू घाट इलाके में पिछले कई वर्षों से होलसेल में मिलने वाले तिल के लड्डू पिछले महीने भर से तैयार हो रहे हैं। जो की पाली जिले के सोजत, रोहट जैतारण बिलाड़ा रानी फालना आदि गांवों तक सप्लाई होते हैं। व्यापारी ओमप्रकाश भाटी ने बताया कि शहर के सभी दुकानदार के अलावा हमारे यहां से कई जगह माल जाता है ।

शिक्षा मंत्री ने बच्चों संग लगाई दौड़, स्वदेशी का दिया संदेश

जोधपुर, (कासं)। स्वामी विवेकानन्द की 164वीं जयंती सोमवार को राष्ट्रीय युवा दिवस के रूप में मनाई गई। इस अवसर पर जिले में विभिन्न प्रेरणादायी कार्यक्रमों की श्रृंखला आयोजित की गई।

स्वामी विवेकानंद जयंती एवं राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर नए भारत का संकल्प- स्वदेशी व स्वावलंबन थीम के अंतर्गत रन फॉर स्वदेशी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। शिक्षा (विद्यालयी/संस्कृत) एवं पंचायती राज मंत्री तथा जोधपुर जिले के प्रभारी मंत्री मदन दिलावर ने सर्किट हाउस से हरी झंडी दिखाकर रन को रवाना किया। रन सर्किट हाउस से प्रारम्भ होकर पुलिस लाइन रोड होते हुए राजकीय नवीन उच्च माध्यमिक विद्यालय मोहनपुरा पहुंचकर सम्पन्न हुई। प्रभारी मंत्री दिलावर ने स्वयं विद्यार्थियों के साथ दौडक़र उनका उत्साहवर्धन किया।

'उठो, जागो और लक्ष्य प्राप्ति करो' का संदेश दिया

समापन अवसर पर आयोजित सभा को संबोधित करते हुए शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने स्वामी विवेकानंद के प्रेरणास्त्रोत वाक्य उठो, जागो और तब तक मत रुको जब तक लक्ष्य की प्राप्ति न हो जाए का उल्लेख करते हुए युवाओं को आत्मविश्वासी, निडर, अनुशासित एवं लक्ष्य के प्रति समर्पित बनने का संदेश दिया। वहीं स्वामी विवेकानंद की जयंती के अवसर पर जोधपुर देहात युवा कांठोस व एनएसयूआई द्वारा रेजिडेंसी रोड स्थित स्वामी विवेकानंद की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धा-सुमन अर्पित किए गए। इस अवसर पर पूर्व जिलाध्यक्ष बलदेव बेनीवाल एवं रामनिवास बुधनगर ने सभी युवाओं के साथ स्वामी विवेकानंद के विचारों को आत्मसात करने एवं उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में जिलाध्यक्ष पुखराज दिवराय, मनीष बिश्नोई, प्रदेश महासचिव शाहबाज खान, ठाकुर बिश्नोई, गौरव गहलोत, सुल्तान खान, सुरेश सागर, सुभाष धानका, विनय आर्य, जिला उपाध्यक्ष ऋषि कचवाहा, सुनील बडोला, महेंद्र जलवानी, राजवीर पटेल, विक्रम बिश्नोई, महिपाल कचवाहा, योगेश देवड़ा, हेमराज परिहार सहित कई पदाधिकारी, कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

राष्ट्रीय युवा दिवस तथा स्वामी विवेकानंद का जयंती पर वि.वि. अनुदान आयोग, अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद, उच्च शिक्षा मंत्रालय तथा राज्य सरकार की ओर के जारी निर्देशों के अनुसार जयनारायण व्यास विश्वविद्यालय ने स्वदेशी संकल्प दौड़ का आयोजन किया। स्वदेशी संकल्प दौड़ के सह समन्वयक प्रख्यात वास्तुशास्त्री एवं प्रोफेसर डॉ. क्षितिज महर्षि के अनुसार विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रोफेसर पवन कुमार शर्मा के निर्देशानुसार स्वदेशी संकल्प दौड़ का आयोजन ओल्ड कैंपस से नई सडक़ चौराहा तक किया गया।

वरिष्ठ नेता, प्रमुख समाजसेवी ज्योतिषी मोहन छापोला का निधन

पाली। कांग्रेस नेता,प्रमुख समाजसेवी एडवोकेट मोहन छापोला का रविवार की रात हृदयगति रुकने से निधन हो गया। निधन का समाचार सुनते ही उनके चाहने वालो, मित्रो,शुभ चिंतकों, राजनेतिक और न्यायिक क्षेत्र से जुड़े साथियों में शोक की लहर दौड़ गई।

वरिष्ठ नेता जबर सिंह राजपुरोहित ने बताया कि रविवार शाम को छपोला के सीने में दर्द व हाई बीपी हुआ था जिसपर बांगड़ अस्पताल के कार्डियक आईसीयू में उनको एडमिट किया था,बीपी सामान्य होने पर रात नो बजे उनको जोधपुर रेफर किया गया। ओम बन्ना धाम के पास बीच रास्ते में ही उनको कार्डियक अरेस्ट आने से निधन हो गया। उनके पार्थिक शरीर को उनके पैतृक गांव भादरा जिला हनुमान गढ़ भेजा जहां वो पांच तत्वों में विलीन हो गए। वरिष्ठ नेता जबर सिंह राजपुरोहित, डॉक्टर पोपट पटेल, सतीश पालीवाल, पूर्व मंत्री दिलीप चौधरी, अरुण जोशी, कृपा शंकर त्रिवेदी, श्रीमती लहर कंवर राठौड़, सुमित्रा जैन,मंजू राठौड़,हरि शंकर मेवाड़ा,राम लाल मोहबारसा, एडवोकेट तरुण मेहता, राजेंद्र शर्मा,एम एम बोडा, गौतम शर्मा,इंसाफ अली,कन्नू भीलवारा, महावीर सिंह सुकरलाई, किशोर सोमनानी, सीताराम टॉक, महावीर कोठारी, राजेश बलाई,नरेंद्र सिंह भींवली, वासु राठौड़,गुलाब सोढा, ललित बोहरा,मुकुल सोनी,अमृत कुमावत, विजय राज प्रजापत,मोहम्मद इरफान, तारा चंद चन्दनानी,विक्रम राठौड़, पुनाराम विश्नोई,पुष्प सोनी, कैसी आदि ने श्रद्धासुमन अर्पित किए।

गुड़ामालानी को जिला बनाओ, जिला संघर्ष समिति ने दिया ज्ञापन

गुड़ामालानी । जिला संघर्ष समिति के तत्वावधान में संघर्ष समिति सहित ग्रामीणों ने गुड़ामालानी जिला बनाने को लेकर उपखण्ड अधिकारी केशव कुमार मीणा को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन देकर गुड़ामालानी जिला बनाने कि मांग कि । जिला संघर्ष समिति एवं स्थानीय ग्रामीणों द्वारा वर्ष 2022 से लगातार गुड़ामालानी को जिला बनाने की मांग उठाई जा रही है । वहीं पूर्ववर्ती सरकार ने नये जिलों की राज्य सरकार द्वारा अधिसूचित सूची में गुड़ामालानी का नम्बर 07 पर नाम प्रस्तावित नाम होने के बावजुद गुड़ामालानी को जिला नहीं बनाया। दुसरी ओर वर्तमान सरकार द्वारा गुड़ामालानी व धोरीमना को नवगठित जिला बालोतरा में शामिल किए जाने से आमजन व क्षेत्रवासियों में भारी आक्रोश है। गुड़ामालानी को जिला घोषित किया जाने की मांग की। ज्ञापन देने के दौरान जिला संघर्ष समिति संरक्षक चंदप्रकाश शर्मा, अध्यक्ष रिडमलराम, प्रधान बिजलाराम चौहान, किसान नेता प्रहलाद सियोल,आरएलपी नेता ताजाराम चौधरी, प्रगतिशील किसान निम्बाराम पटेल, एडवोकेट डालूराम चौधरी, छात्र संघ पुर्व अध्यक्ष शंकरलाल सुदेशा, दिनेश कुमार विश्नोई सहित कई ग्रामीण लोग उपस्थित रहे ।

विमंदित गृह में बालक की मौत

जोधपुर, (कासं)। शहर के आंगणवा स्थित मानसिक विमंदित गृह में एक बालक की तबीयत बिगडऩे पर अस्पताल में भर्ती कराया गया। उसकी बाद में एमडीएम अस्पताल में उपचार के बीच मौत हो गई।

मंडोर पुलिस ने बताया कि गुरूकृपा मानसिक विमन्दित गृह के सुपरवाइजर लूणाराम ने मर्ग में रिपोर्ट दी। इसमें बताया कि मानसिक बीमार 12 साल के बालक को तबीयत बिगडऩे पर अस्पताल में भर्ती कराया गया। मगर उसकी अब मौत हो गई। पुलिस ने शव को कार्रवाई कर सौंपा। जबकि शास्त्री नगर थाने में दी रिपोर्ट में अपना घर आश्रम के केयर टेकर बाबूलाल पुत्र मदाराम जाट ने पुलिस को बताया कि अपना घर आश्रम में रहने वाले मोबिन को तबीयत बिगडऩे पर एमडीएम अस्पताल में भर्ती कराया था।

फेंको मत हमें दो-शिवगंज में पालना गृह का शुभारम्भ

रेवदर। सिरोही जिले में सभी जगह पालना गृह स्थापना करने के क्रम में आज जिला अस्पताल शिवगंज में पालना गृह का शुभारंभ किया गया ।

पालना गृह के शुभारंभ कार्यक्रम में बोलते हुए जिला कलक्टर अल्पा चौधरी ने बताया कि पालना गृह की सुविधा होने से अब किसी को अपने बच्चे को झाड़ियो में फेंकने की जरूरत नहीं है , जिन बच्चों को आप अपने घर में नहीं रखना चाहते उनको पालना गृह में छोड़ जाए, हम उसका ध्यान रखेंगे । इस अवसर पर सचिव ,जिला विधिक प्राधिकरण सिरोही सावित्री आनंद निर्भीक ने बताया कि फेंको नहीं हमे दो कि तर्ज़ पर हम पालना गृह खोल रहे है , जो माँ अपने बच्चे को नहीं रखना चाहती वो अपना बच्चा पालना गृह में छोड़ सकती है। इस अवसर पर सीएमएचओ डॉ दिनेश खराडी ने बताया कि पालना गृह में बच्चा बिना किसी अस्पताल स्टाफ को बताए खिड़की से चुपचाप पालने में रख सकते है , एक बार बच्चा पालना गृह के पालने में आ जाता है उसके बाद पुलिस अथवा किसी भी एजेंसी के द्वारा जाँच पड़ताल नहीं की जाती है, जैसे ही कोई पुरुष अथवा स्त्री किसी बच्चे को पालना गृह में छोड़ता है उसके रख के जाने के बाद अलार्म बजता है जिससे अस्पताल वालो को मालूम चलता है ,तब तक बच्चे को रखने वाला व्यक्ति जा चुका होता है ।

पालना गृह एक ऐसा स्थान होता है जहाँ अनचाहे / परित्यक्त गर्भ से पैदा होने वाले बच्चे कों सुरक्षित छोड़ा जाता है , बच्चे को छोड़ने के कुछ मिनट पश्चात सायरन बजता है जिससे स्टाफ द्वारा वार्ड में ले जाकर बच्चे का स्वास्थ्य परीक्षण करने के पश्चात बाल कल्याण समिति को सौंपा जाता है। प्रक्रिया गोपनीय रहती है। पालना गृह के शुभारंभ अवसर पर एसडीएम शिवगंज नीरज मिश्र ,तहसीलदार आशुराम बीसीएमओ डॉ कौशल ओहरी , पीएमओ डॉ अखिलेश पुरोहित , पालना गृह के निर्माण में सहयोग करने वाले दानदाता राजेंद्र सोलंकी एवं अन्य चिकित्सक /स्टाफ मौजूद था ।

स्वामी जी के जीवन से आत्मसार करे युवा: डॉ. प्रदीप गावंडे

जालोर। हिन्दू युवा संगठन संस्था जालोर की और से हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी स्वामी विवेकानन्द की जयंती के अवसर पर सोमवार को राष्ट्रीय युवा सप्ताहका आगाज पुष्पाजंली व राष्ट्रभक्ति प्रेरक कार्यक्रम से किया गया।

पुष्पाजंली कार्यक्रम के संयोजक अचलसिंह परिहार व सुरेष माली ने बताया कि स्वामी विवेकानन्दजी की जयंती के अवसर पर संस्था द्वारा प्रति वर्ष राष्टीय युवा सप्ताह के तहत आज पुष्पाजंली व राष्ट्रभक्ति प्रेरक कार्यक्रम से आगाज किया गया।पुष्पाजंली कार्यक्रम नगर परिषद स्थित स्वामी विवेकानन्द उद्यान में स्वामी की मूर्ति के समक्ष पुष्पाजंली कार्यक्रम किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में श्रीमान जिला कलेक्टरप्रदीप के गावडे थे। वहीं कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्थापक अध्यक्ष सुरेश सोंलकी ने की। विषिष्ट अतिथि के नाते संस्था महामंत्री अर्जुनसिंह पंवारगजेन्द्रसिंह सिसोदियादिनेष महावररवि सोलंकी युवा सप्ताह कार्यक्रम के प्रभारी अमन मेहता व नगर अध्यक्ष हेमेन्द्रसिंह बगेडिया उपस्थित थे।कार्यक्रम कें अतिथियों द्वारा स्वामी जी की मूर्ति के समक्ष पुष्पहार व फुल चढाकर उनको नमन किया गया। जिला कलेक्टर ने युवाओं को स्वामी के विचारों को आत्मसार कर राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने का आहान किया। संस्थापक अध्यक्ष सुरेश सोलंकी ने सभी को स्वामी के आदर्ष को अपनाने की बात कही।

जिस तरह स्वामी जी ने अपने अल्प समय में ही देश सेवा व मानव सेवा में अपना जीवन बिताया उसी तरह हर युवाओं को देषहित में कार्य करने की बात भी कही गई। उसके पश्चात सभी युवाओं व विद्यालयों के बालको द्वारा राष्ट्रगीत वन्देमातरम् का गायन भी किया गया। जिससे पुरा नगर परिषद उद्यान देषभक्ति से गरिमाएमान हो गया।

युवाओं ने आज के आनन्द की जय विवेकानन्द की का जयघोष कर नारे लगाये। नगर परिषद उद्यान के पश्चात सभी अस्पताल चोराहे पर स्थित विवेकानन्द स्मृति स्थल पर जाकर स्वामी को पुष्पाजली अर्पित की गई।

सभी ने विवेकानन्द स्मृति स्थल पर स्वामी के आदर्षो से प्रेरणा लेकर हर युवा तक उनके आदर्ष पहुचाने का संकल्प लिया।

कार्यक्रम में जिला कलेक्टर, संस्थापक अध्यक्ष एडवोकेट सुरेष सोलंकी, संस्था महामंत्री अर्जुन सिंह पंवार, गजेन्द्रसिंह सिसोदिया दिनेष महावर, रवि सोलंकी, अमन मेहता, हेमेन्द्र सिंह बगेडिया,सुरेष सुन्देषा परमवीर सिंह भाटीरतन सुथारमंयक देवडा हुकमीचंद सोलंकीजीतु प्रजापत, मांगीलाल देवासीदिलीप भट्ट रवि गहलोत उर्मिला दर्जीमहेष भट्टहिरालाल देवासीललित दवेराघव बाल निकेतन, सुदर्षन पब्लिक स्कूल विवेकानन्द आदर्श स्कूल के छात्र-छात्रांएसहित युवा एवं नगर परिषद के स्टाफ आदि उपस्थित थे।

चार दुपहिया वाहन चोरी

जोधपुर, (कासं) अलग अलग स्थानों से चार दुपहिया वाहन चोरी हो गए।

शास्त्रीनगर पुलिस के अनुसार पृथ्वीपुरा रसाला रोड निवासी राजेश पुत्र भंवरलाल सोलंकी ने पुलिस को बताया कि 9 जनवरी को वह रावण का चबूतरा मैदान आया था जहां पर खड़ी की उसकी बाइक को अज्ञात वाहन चोर चुराकर ले गया। इसी तरह चौपासनी हाऊसिंग बोर्ड थाने में दी रिपोर्ट में पृथ्वीराज नगर झालामंड निवासी अंकुल चौधरी पुत्र भानाराम ने पुलिस को बताया कि 10 जनवरी को वह रिद्धि सिद्धि कॉरपोरेशन आया था शो रूम के बाहर खड़ी की उसकी बाइक चोरी हो गई।

इधर रातानाड़ा थाने में दी रिपोर्ट में शेरगढ़ के देवराजगढ़ निवासी देवाराम पुत्र नखताराम ने पुलिस को बताया कि जेडीए आफिस के पास खड़ी की उसकी बाइक को अज्ञात वाहन चोर चुराकर ले गया। सरदारपुरा पुलिस के अनुसार एयरफोर्स एरिया क्षेत्र में रहने वाले अन्नय प्रताप सिंह पुत्र लोकेश सिंह ने रिपोर्ट दी।

वह सरदारपुरा ए रोड आया था जहां से मोपेड चोरी हो गई।

मेधावी विद्यार्थियों व नव नियुक्त कार्मिकों को सम्मानित किया

पाली। श्री मारवाड़ मेघवाल सेवा संस्थान के तृतीय प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन पाली जिले के बोमादड़ा गांव में सोमवार को उप मुख्यमंत्री प्रेमचन्द बैरवा की मुख्य आतिथ्य में किया गया। समारोह में 10वीं व 12वीं बोर्ड परीक्षाओं में उत्कृष्ट अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों तथा विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं के माध्यम से विभागों में नव नियुक्त राजकीय अधिकारियों एवं कार्मिकों को प्रशस्ति पत्र, पुरस्कार एवं बैग भेंट कर सम्मानित किया गया।

उप मुख्यमंत्री बैरवा ने कहा कि समारोह में सम्मानित होने वाली प्रतिभाओं में बेटियों की संख्या सर्वाधिक रही, जो समाज के लिए गर्व की बात है। उन्होंने बेटियों को बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा कि पाली की ऐतिहासिक नगरी आज केवल एक सम्मान समारोह की साक्षी नहीं बन रही, बल्कि उज्ज्वल भविष्य का उत्सव मना रही है, जो आने वाली युवा पीढ़ियों के लिए प्रेरणास्त्रोत बनेगा। उन्होंने नव नियुक्त कार्मिकों एवं युवाओं से कहा कि यह सफलता केवल आपकी नहीं, बल्कि आपके माता-पिता के त्याग, गुरूजनों के मार्गदर्शन एवं समाज की अपेक्षाओं का परिणाम है। उन्होंने युवाओं से अपने-अपने क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य कर प्रदेश के लिए प्रेरणा बनने का आ ान किया। उप मुख्यमंत्री बैरवा ने बाबा साहेब डॉ. भीमराव अम्बेडकर की विचारधारा का उल्लेख करते हुए कहा कि जो समाज स्वयं की बुराइयों से नहीं लड़ सकता, वह राष्ट्र की बुराइयों से कैसे लड़ेगा। प्रतिभावान समारोह में सरोज, प्रिया मेहमात, रक्षिता मेघवाल, रवेन्द्र परिहार को ग्रामीण गोल्ड मेडल से सम्मानित कर अन्य प्रतिभावान छात्र-छात्राओं व युवाओं को प्रशस्ति पत्र प्रदान किए।

MANAPPURAM FINANCE LTD.

CIN : L65910KL1992PLC006623
Registered Office: W - 4/ 638A, Manappuram House, P.O. Valapad, Thrissur - 680 567, Kerala, India

निलामी सूचना

विशेषकर गिरवीकर्ताओं और सामान्य रूप में जनता को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि निम्नलिखित अकाउंट्स में रखे गए सोने के आभूषणों की सार्वजनिक नीलामी निम्नलिखित शाखाओं पर दिनांक 16.02.2026 को सुबह 10.00 बजे से किया जाएगा. हम ऐसे डिफॉल्टर ग्राहकों के सोने के आभूषणों की नीलामी करने जा रहे हैं जिन्होंने रजिस्टर्ड पत्र द्वारा सूचित किए जाने के बावजूद अपने लोन की रकम नहीं चुकाई है. जिन आयटम्स की नीलामी नहीं हो पाएगी, उनकी नीलामी किसी अन्य दिन बिना पुन: सूचना दिए की जाएगी. नीलामी के स्थान व तिथि (अगर कोई हो) में परिवर्तनों की कोई सूचना नीलामी केन्द्र या वेबसाइट पर लगाई जाएगी तथा इस बारे में कोई अन्य सूचना नहीं दी जाएगी.

गिरवियों की सूची :

जोधपुर, फलौदी शाखा राजस्थान, 135610700018485,

उपरोक्त नीलामी में भाग लेने के इच्छुक व्यक्तियों को निम्नलिखित का पालन करना होगा:- इच्छुक बोलीकर्ताओं को ईएमडी के रूप में रू.10,000/- नीलामी के दिन नकद जमा कराना होगा (असफल बोलीकर्ताओं को बाद में लौटा दिया जाएगा). बोलीकर्ता को वैध पहचना प्रमाण/पैन कार्ड साथ लेकर आना होगा. अधिक जानकारी के लिए कृपया 9911809139 पर संपर्क करें.

अधिकृत अधिकारी
मणप्पुरम फायनेंस लि. हेतु.

कार बिजली के खंभे से टकराकर पलटी

जोधपुर, (कासं)। जोधपुर जिले में देचू के सेतरावा कस्बे में स्टेट मेगा हाईवे (फलोदी-पचपदरा) पर एक तेज रफ्तार बेकाबू कार बिजली के खंभे से टकराकर पलट गई।

इस दुर्घटना में कोई जनहानि नहीं हुई, लेकिन वाहन को भारी नुकसान पहुंचा और बिजली का खंभा क्षितठास्त हो गया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार रविवार रात लालसिंह बाजार के निकट खानियो के पास यह घटना हुई। स्विफ्ट कार तेज गति में थी और अचानक चालक का वाहन पर से नियंत्रण बिगड़ गया।

गाड़ी सडक़ किनारे झाडियों और कचरे में फंसती हुई सीधे बिजली के खंभे से जा टकराकर पलट गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि बिजली का खंभा पूरी तरह और वाहन भी क्षितग्रस्त हो गया। किसी भी संभावित दुर्घटना को रोकने के लिए बिजली विभाग ने एहतियातन क्षेत्र की बिजली आपूर्ति तुरंत बंद करवा दी। हादसे में कोई हताहत नहीं हुआ।

हिन्दू सम्मेलन की तैयारी पर चर्चा की

सायला। आगामी 17 व 18 जनवरी को आयोजित होने वाले विराट हिन्दू सम्मेलन की व्यापक तैयारियों को लेकर सोमवार को नगर के दुदेश्वर महादेव मंदिर परिसर मठ में बैठक आयोजित हुई। बैठक में कार्यक्रम की रूपरेखा, व्यवस्थाएँ और प्रसार-प्रचार पर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में वक्ताओं ने कहा कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में देशभर में मंडल स्तर पर हिन्दू सम्मेलन आयोजित किए जा रहे हैं। इन कार्यक्रमों का उद्देश्य हिन्दू समाज को संगठित कर सामाजिक समरसता को बढ़ावा देना और राष्ट्रहित में जागरण पैदा करना है। जोधपुर प्रांत स्तर पर 1400 से अधिक मंडलों में यह कार्यक्रम 18 जनवरी से 10 फरवरी तक चलेंगे। बैठक में सायला मंडल में आयोजित होने वाले हिन्दू सम्मेलन के पोस्टर का भी विमोचन किया गया। उपस्थित सदस्यों ने सम्मेलन को दिव्य व भव्य बनाने का संकल्प लिया और सामाजिक अनुसार जिम्मेदारियाँ तय की।

सार्वजनिक नोटिस

मैसर्स अवाडा एनर्जी प्राइवेट लिमिटेड (एईपीएल), जिसका पंजीकृत कार्यालय 406, हबटाउन सोलारिस, एन. एस. फडके मार्ग, अँधेरी (ई), मुंबई - 400069, भारत में स्थित है, भारत सरकार को विद्युत् अधिनियम, 2003 की धारा 164 के तहत विद्युत् ट्रांसमिशन के लिए विद्युत् लाइनों अथवा विद्युत् संयंत्र की स्थापना के लिए अथवा टेलिफ़ोन या टेलीग्राफिक संचार के उद्देश्य से कार्यों के उचित समन्वय के लिए आवश्यक वें सभी शक्तियां प्रदान करने के लिए आवेदन करने की इच्छुक है, जो टेलीग्राफ प्राधिकरण द्वारा भारतीय टेलीग्राफ अधिनियम, 1885 के तहत सरकार द्वारा स्थापित किये गए या बनाये गए या स्थापित किये जाने वाले या बनाए जाने वाले टेलीग्राफ के उद्देश्य से टेलीग्राफ लाइनों और पोस्टों की स्थापना के सम्बन्ध में धारित हैं, और निम्नलिखित ट्रांसमिशन योजना के लिए सर्वेक्षण, निर्माण, संस्थापन, निरीक्षण, उत्थापन और अन्य कार्य के पश्चात कमीशनिंग, प्रचालन, अनुरक्षण और अन्य कार्य करेगी:

ट्रांसमिशन योजना का नाम: "राजस्थान के बाड़मेर में सोलर पावर प्रोजेक्ट्स के लिए मैसर्स अवाडा एनर्जी प्राइवेट लिमिटेड को 300 मेगावाट की कनेक्टिविटी [आवेदन संख्या 2200000077 (50 मेगावाट) और आवेदन संख्या 2200000290 (250 मेगावाट)] प्रदान करने के लिए ट्रांसमिशन प्रणाली."।

योजना के अंतर्गत ट्रांसमिशन लाइन का नाम: अवाडा एनर्जी प्राइवेट लिमिटेड का कॉमन जनरेशन पूलिंग स्टेशन (50 मेगावाट+250 मेगावाट) सोलर पावर प्रोजेक्ट्स गाँव - गिरल, तालुका - शिव, जिला-बाड़मेर, राजस्थान में स्थित - फतेहगढ़-IV पीएस (सेक-II) 220 केवी एस/सी लाइन (डी/सी टावरों पर)।

लाइन की लम्बाई लगभग 23 किमी है ।

उपरोक्त शिरोपरि ट्रांसमिशन लाइन प्रस्तावित रूट के आधार पर निम्नलिखित गाँवों, कस्बों और शहरों से, उनके बीच से, ऊपर से और आसपास से होकर गुजरेगी:

क्रम सं.	गाँव	तालुका	जिला	राज्य
1.	आगोरिया, बलाई, भोजा भाकरी, गिरल, गूंगा, हड़वा, हड़वेचा, कोटड़ा, निम्बासर, निम्बला, पूंजराजसिंह की ढाणी, राणा की ढाणी, रते कुम्हार की ढाणी, शिव, जालीला का पार, थूम्बली, हाथीसिंह की ढाणी (हाथीसिंह का गांव), जसे का गांव, जोरानाडा, कुम्हारों की ढाणी (कुमावतों की ढाणी), जालीला की ढाणी, हुकुमसिंह की ढाणी, रतो भाखर, बिसूकला, आकली, कोटडियो की ढाणी, अम्बावाडी.	शिव	बाड़मेर	राजस्थान

रूट संरेखण की प्रति अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में निरीक्षण हेतु उपलब्ध है. आम जनता को इस नोटिस के माध्यम से सूचित किया जाता है कि वह ट्रांसमिशन लाइन के प्रस्तावित रूट के संबंध में अपनी टिपण्णी/प्रतिवेदन नोटिस के प्रकाशन की तिथि से दो माह के अन्दर अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में लिखित रूप में प्रस्तुत कर सकते है.

अधिक विवरण और स्पष्टीकरण के लिए कृपया संपर्क करें:

तरुण कपिल, महाप्रबंधक (ट्रांसमिशन), अवाडा एनर्जी प्राइवेट लिमिटेड, 406, हबटाउन सोलारिस, एन. ए